Title: Regarding Expedite into work pertaining to fully operation of Deesa Airport.

श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा) : आदरणीय सभापति महोदय, सरकार ने क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) के अंतर्गत ?उड़े देश का आम नागरिक? (उड़ान) योजना के माध्यम से देश के कई हवाई अड्डों को विकसित करने की योजना बनाई है। इस योजना के तहत देश के आम व्यक्ति को हवाई सेवा का लाभ मिल रहा है। मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा के डीसा एयरपोर्ट के संदर्भ में आपका ध्यान आकर्षित करते हुए कहना है कि यह एयरपोर्ट अभी बंद हालात में है। यह जिला राजस्थान के बॉर्डर से जुड़ा हुआ है और यहां हवाई सेवा को तुरंत चालू किए जाने की अत्यंत आवश्यकता है।

आपको जानकारी देते हुए कहना है कि उत्तरी गुजरात के पाटन, अरावली, साबरकांठा, मेहसाणा और दक्षिणी राजस्थान के सिरोही, जालौर, बाड़मेर एवं पाली जिले में विमान की सेवा उपलब्ध नहीं है। मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा जिले में 51 शक्तिपीठों में से प्रमुख अंबाजी माताजी का मंदिर भी है, जहां लाखों की संख्या में दर्शनार्थी माताजी के मंदिर में दर्शन करने आते हैं। उन्हें विमान सेवा उपलब्ध करवाने हेतु भी इस एयरपोर्ट को चालू किये जाने की आवश्यकता है। इसके साथ-साथ यहां के हीरा उद्योग के व्यापारी, कपड़ा उद्योग तथा मेटल उद्योग से जुड़े हुए व्यापारी भी

बहुतायत में रहते हैं और इनका व्यापार पूरे भारत में फैला हुआ है। इन सभी को हवाई सेवा का लाभ अवश्य मिलना चाहिए।

आजादी के बाद यहां अंबिका एयरलाइंस की सेवा चालू थी, जो मुंबई, डीसा एवं जोधपुर तक की हवाई सेवा देती थी, परन्तु बाद में यह सेवा बंद कर दी गयी। यहां से पाकिस्तान का बॉर्डर नजदीक है, इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से भी इसका चालू किया जाना अत्यंत आवश्यक है। ज्ञात हो कि इस एयरपोर्ट का रनवे तैयार है, इसकी बाउंड्री वॉल भी है और पुरानी बिल्डिंग भी उपलब्ध है। इसलिए, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि डीसा एयरपोर्ट को शीघ्र चालू करके उत्तरी गुजरात और दक्षिणी राजस्थान के लोगों को इसका लाभ दिया जाए।

धन्यवाद।

माननीय सभापति : श्री नरेन्द्र कुमार ? उपस्थित नहीं।

श्री कुलदीप राय शर्मा।